# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

## ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती - पैनल वर्ष - 2024

## ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

## चरण-I

### चरण-I की परीक्षा की योजना :

**परीक्षा का विवरण इस प्रकार है :**

| क्र.सं. | परीक्षण का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 80 | 80 | हिंदी और अंग्रेजी (अंग्रेजी भाषा को छोड़कर) | 25 मिनट |
| 2 | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | | 25 मिनट |
| 3 | मात्रात्मक अभिरूचि | 30 | 30 | | 25 मिनट |
| 4 | तर्कशक्ति | 60 | 60 | | 45 मिनट |
| | **कुल** | **200** | **200** | | **120 मिनट** |

परीक्षा का समय और स्थान प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है, जिसे उम्मीदवारों को भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा । उम्मीदवारों को प्रत्येक प्रश्नावली के लिए अलग अलग और समग्रता में बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे । **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 (एक चौथाई) अंक काट लिए जायेंगे।** जो उम्मीदवार प्रत्येक प्रश्नावली के लिए यथा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें चरण-I में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर चरण-II की परीक्षा हेतु सूचीबद्ध किया जाएगा । चरण-II की परीक्षा हेतु सूचीबद्ध किए जाने के लिए न्यूनतम कुल अंक बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के संबंध में निश्चित किए जाएंगे । चरण-II की परीक्षा हेतु सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों के रोल नंबर भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

**टिप्पणी:** परीक्षार्थी को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली में उत्तीर्ण होना होगा । प्रत्येक प्रश्नावली के उत्तीर्णांक परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर बोर्ड द्वारा तय किये जायेंगे ।

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समीकृत किया जाता है ।*

*अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त संशोधित अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म में समीकृत किया जाता है ।

(iii) परीक्षण वार एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दो दशमलव अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

चरण-I के परीक्षण (अंग्रेजी भाषा के परीक्षण को छोड़कर) हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में बनाई जाएंगी । उम्मीदवारों को प्रश्नों को हिंदी या अंग्रेजी में चुनने का विकल्प प्राप्त होगा । भाषा के विकल्प का चुनाव परीक्षा के आरंभ में करना होगा । भाषा का विकल्प चुनने के बाद भी आवश्यकतानुसार आप दो भाषाओं के बीच स्विच/टॉगल कर सकेंगे । चरण-I के प्रश्नपत्रों के उत्तर माउस द्वारा सही विकल्प पर क्लिक करके दिए जाएंगे ।

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है, तथापि उपस्थिति दर्ज कराने, फोटो पहचान प्रमाण की फोटो कापी सहित प्रवेश पत्र जमा कराने, लॉग-इन इत्यादि के लिए उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर लगभग 180 मिनट रहना पड़ सकता है। प्रत्येक परीक्षण की अवधि अलग-अलग हैं। उम्मीदवार हर परीक्षण की दी गई अवधि में उस परीक्षण के किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। उम्मीदवार को सर्वाधिक सही उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को वह सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक करना है। उम्मीदवार ने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह हाइलाइट हो जाएगा और उम्मीदवार का उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। उम्मीदवार द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों में से 1/4 अंक दंड स्वरूप काट लिए जाएंगे।

**<u>नमूना प्रश्न</u> :**

कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। उम्मीदवारों को वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन, इनमें से कुछ प्रकार के अथवा सभी प्रकार या अलग प्रकार के लग सकते हैं, जिनका कि यहां वर्णन नहीं किया गया हो ।

## नमूना प्रश्न

## सामान्य ज्ञान

**प्र.1.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में ग्रामीणः शहरी जनसंख्या का अनुपात ________ है ।
(1) 69 : 31 (2) 65 : 35 (3) 60 : 40 (4) 55 : 45 (5) 50 : 50

**प्र.2.** निम्न में से कौनसी थाइलैंड की मुद्रा है ?
(1) बात (2) बाल्बोआ (3) कैडी (4) कूपोन (5) रेन्मिन्बी

**प्र.3.** नरौरा परमाणु विद्युत संयंत्र निम्न में से कौनसे भारतीय राज्य में स्थित है ?
(1) बिहार (2) पश्चिम बंगाल (3) गुजरात (4) तमिलनाडु (5) उत्तर प्रदेश

**प्र.4.** नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) जो एक इलेक्ट्रोनिक सिक्योरिटी डिपॉजिटरी है, को 1996 में IDBI, UTI, सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक और ________ द्वारा प्रमोट की गई थी ।
(1) बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) लिमिटेड
(2) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NSE) लिमिटेड
(3) मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (MCX) लिमिटेड
(4) इंडियन नेशनल मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (NMCE) लिमिटेड
(5) नेशनल कमोडिटी और डेरिवेटिव एक्सचेंज (NCDEX) लिमिटेड

**प्र.5.** अपेक्षित GST व्यवस्था में प्रस्तावित 'GST परिषद' केंद्रीय सरकार का ________ के रूप में प्रतिनिधित्व करेगी ।
(1) इसके सदस्यों का तीन चौथाई (2) इसके सदस्यों का एक तिहाई (3) इसके सदस्यों का एक चौथाई
(4) इसके सदस्यों का दो तिहाई (5) इसके सदस्यों का आधे

**प्र.6.** निम्न में से कौनसा वाहन निर्माता लगातार चौथे वर्ष 2015 में वैश्विक वाहन विक्रय में शीर्ष पर रहा है ?
(1) फोल्क्सवेगन समूह (2) फोर्ड मोटर कंपनी (3) टोयोटा मोटर कार्पोरेशन
(4) हुंडई मोटर कंपनी (5) जनरल मोटर्स कंपनी

**प्र.7.** 60 किलोमीटर की रेंज वाले मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (MBRL) सिस्टम, 'पिनाका II' के यूजर असिस्टेड ट्रायल्स हाल ही में ________ के द्वारा सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं ।
(1) ईरान (2) भारत (3) म्यांमार (4) पाकिस्तान (5) बांग्लादेश

## अंग्रेजी भाषा

This is a test to see how well you know English. Your English language ability would be tested through questions on grammar & vocabulary, synonyms, antonyms, sentence completion, comprehension of a passage etc.

**Directions :** Read the sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

**Q.1.** Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) No error (5)

**Directions :** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

**Q.2.** Continuous unemployment has induced in the people a kind of ________ which is most depressing.
(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

**Q.3-5.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true source of rights is duty. If we all **( 3 )** our duties, rights will not be **( 4 )** to seek. If leaving duties unperformed we run after rights, they will escape us like an elusive person. The more we pursue them, the farther **( 5 )** they fly.

**Q.3.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.4.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.5.** (1) off (2) can (3) did (4) could (5) towards

## मात्रात्मक अभिरूचि

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, परिणात्मक विवेचना, आंकडों के निर्वचन आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रिम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रिम का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रिम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए ?

(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) रु. 120 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** एक आयताकार हॉल की चौड़ाई, उसकी लंबाई की 3/5 है । यदि हॉल का क्षेत्रफल 135 व.मी. है तो हॉल की लंबाई और चौड़ाई के बीच कितने मीटर का अंतर है ?

(1) 3 (2) 6 (3) 9 (4) 15 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.3-5.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.3.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## तर्कशक्ति

**प्र.1.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.2.** एक खास कोड भाषा में '1, 2, 3' का अर्थ है 'bright little boy; '1, 4, 5' का अर्थ है 'tall big boy' और '6, 3, 7' का अर्थ है 'beautiful little flower'. उस भाषा में किस अंक का अर्थ 'bright' है ?

(1) 1 (2) 6 (3) 3 (4) 4 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.4-5.** नीचे दी गई जानकारी पढ़कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?

एक प्रसिध्द नाटककार के छह नाटक A, B, C, D, E और F सोमवार से शनिवार तक हर दिन एक खेला जाएगा। नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित के अनुसार होगा ।

(1) जिस दिन E खेला जाए, A उससे पूर्ववर्ती दिन को खेला जाना चाहिए

(2) C मंगलवार को नहीं खेला जाना चाहिए

(3) B उस दिन होना चाहिए जो F के मंचन के बाद वाला दिन हो

(4) D केवल शुक्रवार को खेला जाना चाहिए और उसी से तुरंत पहले B नहीं खेला जाना चाहिए

(5) E कार्यक्रम के अंतिम दिन नहीं खेला जाना चाहिए

**प्र.4.** सोमवार से खेले जाने के क्रम में नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) E A B F D C (2) A F B E D C (3) A F B C D E
(4) F A B E D C (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** नाटक C मंगलवार के अतिरिक्त निश्चित रुप से निम्नलिखित में से किस दिन नहीं खेला जा सकता है ?

(1) सोमवार (2) बुधवार (3) गुरुवार (4) शुक्रवार (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## <u>ऑनलाइन चरण-I परीक्षा का विवरण</u> : <u>परिचालन अनुदेश</u>

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सही उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो सही है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) उम्मीदवारों के लिए सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए उम्मीदवारों को शेष समय दर्शाएगा। घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है उम्मीदवार को अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(क) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

(ख) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(ग) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा ।

(15) प्रत्येक प्रश्नावली के लिए अलग-अलग समय आबंटित है। हर प्रश्नावली को दिए गए समयावधि में आप उस प्रश्नावली में से किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(17) समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

**(18) कृपया नोट करें :-**

**(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

**(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## सामान्य अनुदेश :

(1) कृपया प्रवेश पत्र में दिए गए रोल नंबर, पासवर्ड, तारीख, समय और परीक्षा स्थल के पते को नोट करें।

उम्मीदवार को जारी किए गए प्रवेश पत्र का यह अर्थ नहीं है कि बोर्ड द्वारा उनकी उम्मीदवारी को अंततः स्वीकृति दे दी गई है अथवा परीक्षा के अपने आवेदन में उम्मीदवार द्वारा भरी गई प्रविष्टियों को बोर्ड ने सत्य और सही मान लिया है। यह नोट करें कि चरण-।। की परीक्षा के परिणाम के आधार पर जो उम्मीदवार अर्हक होंगे, केवल उनके साक्षात्कार के समय पर बोर्ड पात्र उम्मीदवारों की आयु, शैक्षणिक योग्यता, और वर्ग (अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव/दिव्यांगजन/ईडबल्यूएस) आदि का मूल दस्तावेजों के संदर्भ में सत्यापन करेगा। इसलिए उम्मीदवार कृपया यह नोट कर लें कि यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि वे विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड की संतुष्टि नहीं करते हैं अथवा आवेदन में आपके द्वारा दी गई जानकारी गलत है तो ऐसी किसी कार्रवाई जिसे बोर्ड/भारतीय रिज़र्व बैंक करना चाहेगा के साथ उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। उम्मीदवार कृपया नोट कर लें कि प्रवेश पत्र भारतीय रिजर्व बैंक में रोजगार का प्रस्ताव नहीं है ।

(2) **उम्मीदवार परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले परीक्षा केंद्र जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन वे समय पर रिपोर्ट कर सकें ।**

(3) उम्मीदवार अपना पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा केंद्र पर साथ लाएं। (बेहतर होगा कि वही फोटो चिपकाएं, जो पंजीकरण के समय अपलोड किया गया था)

(4) कृपया वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और जो पहचान प्रमाण मूल रूप में लाए हो उसकी एक फोटोकापी भी साथ लाएं - **यह अनिवार्य है। इन दस्तावेजों के बिना आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा।** कृपया यह प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी समुचित रूप से स्टेपल करके अभिजागर को सौंप दे। वर्तमान में वैध निर्धारित फोटो पहचान प्रमाण हैं-पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक पत्रशीर्ष पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक पत्रशीर्ष पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता

प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान फोटो पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** स्टाफ उम्मीदवारों को आरबीआई द्वारा जारी पहचान पत्र लाना होगा । कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया उम्मीदवार का नाम (जैसे आपने पंजीकरण के दौरान दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम से बिल्कुल मिलना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पर विशेष ध्यान दें। प्रवेश पत्र पर और फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नाम में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना या अपना विवाह प्रमाण पत्र या शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दी जाएगी ।

(5) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। यदि आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और तुरंत परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(6) परीक्षा के दौरान कैल्कुलेटरों (पृथ्क या घड़ी के साथ), पुस्तकों, नोट बुकों, लिखित नोट्स, पेजर अथवा ऐसे ही इलेक्ट्रानिक संचार उपकरण आदि के प्रयोग की अनुमति **नहीं** होगी । उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि पेजर सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा स्थल पर न लाएं क्योंकि उनके सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है । जो उम्मीदवार परीक्षा के दौरान किसी दूसरे उम्मीदवार से/को सहायता लेने/देने सहित किसी अनुचित साधन या कदाचार का सहारा लेते हुए पाया गया, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीदवार उनके उत्तरों की नकल न कर सके ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाये गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे, बोर्ड ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ मौजूदा कानून के प्रावधानों के तहत यथोचित कार्रवाई कर सकता है।

(8) उम्मीदवार को अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन (नीला/काला) लाना चाहिए। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पृष्ठ दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले उम्मीदवार को प्रवेश पत्र के साथ कागज का यह पृष्ठ तथा पहचान प्रमाणपत्र की प्रति अभिजागर को सौंप देना है।

(9) जो उम्मीदवार छल रूप धारण करने अथवा ऐसे जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने जिनके साथ छेडछाड की गई हो अथवा ऐसे बयान देने जो गलत या मिथ्या हों अथवा किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाने अथवा अन्यथा परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अन्य अनियमित या अनुचित माध्यम का प्रयोग करने अथवा परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा प्रयोग करने का प्रयास करने अथवा परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार करने का दोषी है या जिसे बोर्ड द्वारा दोषी घोषित किया गया है, उसे स्थायी रूप से अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए -

(i) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों के चयन हेतु ली गई किसी परीक्षा में प्रवेश अथवा साक्षात्कार में उपस्थिति से बोर्ड द्वारा, प्रतिबंधित होगा और

(ii) बैंक द्वारा उसके रोजगार से प्रतिबंधित होगा, और

(iii) यदि बैंक की सेवा में आ चुका हो, तो उचित नियमों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई का भागी होगा ।

(10) **<u>बैंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडबल्यूबीडी) के लिए नोट :</u>**

(i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे हेतु बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय केवल उन्हीं निःशक्तजनों को अनुमत किया जायेगा जिन्हें गति सहित लिखने, टाईप करने में शारीरिक रूप से असुविधा हो और जो एक स्क्राइब की सुविधा का उपयोग करते हों। तथापि परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय, सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को प्रदान किया जाएगा भले ही उन्होंने किसी स्क्राइब का विकल्प अपनाया हो या स्वयं लिखते हों या मैग्नीफायर जैसे उपकरणों की सहायता से स्वयं लिखते हों।

(ii) जो बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार, स्क्राइब की सुविधा लेना चाहते हैं, आवश्यक अनुदेशों को **अवश्य** डाउनलोड कर लें और ध्यान से **पढ़** लें । इन्हें आरबीआई की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(iii) ऐसे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सुविधा का प्रयोग करना चाहते हैं को एक संयुक्त वचन/घोषणा फार्म जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, प्रस्तुत करना होगा ।

(iv) सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को स्क्रीन पर मैग्नीफायर की सुविधा का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

(11) **विनिर्दिष्ट दिव्यांगजन RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2(s) की परिभाषा के तहत शामिल हैं, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(r) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता वाले उम्मीदवार जिन्हें लिखने में कठिनाई वाले व्यक्तियों के लिए नोट:**

(i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति उन उम्मीदवारों को दी जा सकती है, जो RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2 (s) की परिभाषा के तहत विनिर्दिष्ट दिव्यांग हैं, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(r) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात ऐसे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40% से कम हो और जिन्हें लिखने में कठिनाई हो और जो लेखन सहायक (स्क्राइब) की सुविधा पाने के पात्र हों।

(ii) ऐसे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सुविधा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें उनके लिए दिए गए निर्देशों को डाउनलोड कर ध्यान से पढ़ना होगा, जिसे आरबीआई की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(iii) इन उम्मीदवारों को उक्त भर्ती के लिए विज्ञापन की विस्तृत सूचना के परिशिष्ट-IX का प्रोफार्मा जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है, के अनुसार स्वयं के लेखन सहायक (स्क्राइब) का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

(12) परीक्षा की व्यवस्था में कुछ समस्या आने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता जिससे परीक्षा की डिलिवरी तथा/अथवा परिणाम आने पर प्रभाव पड़ सकता है । ऐसी स्थिति में समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें उम्मीदवारों का स्थानांतरण, परीक्षा में विलंब शामिल हैं । परीक्षा का पुनः आयोजन पूर्णतः भारिबैं सर्विसेज़ बोर्ड/परीक्षा संचालित करने वाले निकाय का निर्णय होगा । पुनः परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का कोई दावा नहीं होगा । जो उम्मीदवार स्थानांतरण अथवा विलंब से होने वाली परीक्षा में उपस्थित होना स्वीकार नहीं करेंगे उनकी उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी ।

(13) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती है तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनता स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(14) कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन परीक्षा में (एक चरण के लिए) उम्मीदवार केवल एक बार उपस्थित हो सकता है । ऑनलाइन परीक्षा के (एक ही चरण में) एक से अधिक उपस्थिति के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । यदि एक से अधिक प्रवेश पत्र तैयार किए गए हों तो उम्मीदवार केवल एक ही बार परीक्षा के लिए उपस्थित हों । अन्य सभी प्रवेश पत्र अभिजागर/पर्यवेक्षक/केंद्र प्रभारी को लौटा दें।

(15) किसी भी रूप में परीक्षा की विषयवस्तु अथवा इसमें दी गई कोई जानकारी पूर्णतः अथवा अंशतः किसी भी साधन वाचिक अथवा लिखित, इलेक्ट्रॉनिकली अथवा यांत्रिक रूप से, प्रकट करने, प्रकाशित करने, प्रतिकृति करने, संचारित करने, स्टोर करने अथवा संचारित तथा स्टोर करने में सहायता करने का दोषी पाए जाने अथवा परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने अथवा वे उम्मीदवार जिनके कब्जे में अनाधिकृत रूप से परीक्षा सामग्री पाई जाए, पर वाद चलाया जाएगा ।

(16) भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवारों के अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों को यात्रा एवं अन्य खर्च स्वयं वहन करना होगा । भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवार इस संबंध में अपने-अपने कार्यालयों से संपर्क करें । बोर्ड उम्मीदवारों के भोजन/निवास की व्यवस्था नहीं करेगा ।

(17) उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन, सूचना पुस्तिका, प्रवेश पत्र, एवं समय-समय पर अभिजागरों द्वारा दिए गए ऑनलाइन परीक्षा अनुदेशों/ दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए । किसी भी अनुदेशों/दिशानिर्देश का उल्लंघन करने पर आपको दंड दिया जा सकता है ।

(18) उम्मीदवार पंजीकरण:

क. उम्मीदवार का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा। ली गई फोटो आवेदन (प्रवेश पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।

ख. फोटोग्राफ उम्मीदवार के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा।

ग. उम्मीदवार को सीट क्रमांक दिया जाएगा।

(19) रफ शीट, प्रवेश पत्र और आईडी प्रमाण प्रबंधन:

क. यदि आवश्यक हो तो, प्रत्येक उम्मीदवार की डेस्क पर रखी रफ शीट का प्रयोग उम्मीदवार द्वारा किया जाए।

ख. वे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाते हैं, उन्हें प्रवेश पत्र और आईडी प्रूफ कॉपी के साथ स्क्राइब फॉर्म/वचनपत्र जमा करना होगा।

ग. उम्मीदवार को कार्यक्रम स्थल छोड़ने से पहले पहचान पत्र की फोटोकॉपी के साथ रफ शीट, प्रवेश पत्र अभिजागर को सौंपना होगा।

(20) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे “The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024” और “The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Rules, 2024” पर ध्यान दें।

(21) कृपया अगले पृष्ठ पर दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

## सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश

1. उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है । देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवार को प्रवेशपत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से 15 मिनट पूर्व रिपोर्ट करना है।
2. उम्मीदवार के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।
3. परीक्षा स्थल पर उम्मीदवारों को अनुमत सामग्री

   उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल पर केवल निम्नलिखित सामान लाने की अनुमति होगी

   क. मास्क

   ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)

   ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)

   घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (प्रवेश पत्र जिसके साथ आईडी कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल आईडी कार्ड)

   ड़. प्रवेशपत्र के साथ फोटो पहचान पत्र की कापी स्टेपल करके लानी चाहिए। मूल पहचान पत्र (वही जिसकी कापी प्रवेशपत्र के साथ स्टेपल कि है) सत्यापन के लिए लाना है। प्रवेश पत्र और पहचान पत्र पर मुद्रित नाम बिलकुल मेल खाना चाहिए।

   च. स्क्राइब वाले उम्मीदवारों के मामले में - विधिवत रूप से भरा हुआ एवं हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म / वचनपत्र

   परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।
4. उम्मीदवार को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।
5. उम्मीदवार को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
6. उम्मीदवार को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।
7. यदि उम्मीदवार स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।

**आपको शुभकामनाएं!**